# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# गौतम अडानी 2027 तक लाएंगे एयरपोर्ट यूनिट का IPO, जानिए इसके पीछे की पूरी रणनीति।

Publisher

Published on 12 Jun 2025



## 100 बिलियन डॉलर के निवेश प्लान के तहत अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स 2027 तक होगा शेयर बाजार मे लिस्ट, IPO से जुटेगी बड़ी रकम।

**नई दिल्ली, 12 जून 2025**: भारत के प्रमुख उद्योगपति और देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति **गौतम अडानी** अब अपनी एयरपोर्ट यूनिट को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, **अडानी ग्रुप 2027** तक अपनी **एयरपोर्ट यूनिट के IPO** को लॉन्च करने का प्लान बना रहा है। इससे जुड़ी रकम से कंपनी अपने **100 बिलियन डॉलर** के कैपिटल एक्सपेंडिचर प्लान को गति देगी।

### IPO लाने के पीछे क्या है योजना ?

**अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (AAHL)** के मार्च 2027 तक डीमर्जर और शेयर बाजार में लिस्टिंग की संभावना जताई गई है। यह कंपनी वर्तमान में देश के आठ प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन करती है। इसमें **मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, मेगंलुरु, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम** और एक अन्य एयरपोर्ट शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक, **इस IPO के जरिए करीब 1 अरब डॉलर की इक्विटी** जुटाई जा सकती है, जिसका उपयोग ग्रुप की अन्य परियोजनाओं में किया जाएगा।

### 100 अरब डॉलर का कैपिटल खर्च प्लान

**अडानी ग्रुप की योजना** अगले **5-6 वर्षों** में **एनर्जी, लॉजिस्टिक्स** और **इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों मे 100 बिलियन डॉलर** तक का

निवेश करने की है। इसके लिए कंपनी **IPO, बॉन्ड्स** और **विदेशी निवेश** के माध्यम से पूंजी जुटाने में लगी हुई है।

### हिंडनबर्ग और रिश्वत मामले के बाद नया मोड़

साल 2023 में अडानी ग्रुप पर **हिंडनबर्ग रिसर्च** द्वारा धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे, जिससे कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। वहीं, 2024 में अमेरिकी न्याय विभाग ने **गौतम अडानी** और उनके भतीजे पर रिश्वतखोरी का आरोप भी लगाया था। हालांकि, ग्रुप ने इन सभी आरोपों का खंडन किया था।

इन विवादों से उबरने के बाद अब अडानी ग्रुप दोबारा मजबूती के साथ वैश्विक पूंजी बाजार में सक्रिय होता दिख रहा है।

### चीन यात्रा के जरिए बढ़ेगा सोलर सहयोग

हाल ही में गौतम अडानी ने चीन का दौरा किया, जहां उन्होंने **औद्योगिक उपकरण** और **सोलर मॉड्यूल** निर्माताओं से मुलाकात की। **अडानी ग्रुप गुजरात** में एक बड़ा **सोलर पार्क** बना रहा है, जिसके लिए चीन से सोलर सेल और मॉड्यूल्स की आपूर्ति अहम मानी जा रही है।

यह दौरा अमेरिका में लगे आरोपों के बाद उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक यात्रा थी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.